भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3344**
**28 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए**

**इंडिया स्टील 2025 में एसएमई की भागीदारी**

**3344 श्री दीपक प्रकाश:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इंडिया स्टील 2025 कार्यक्रम में लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं;

(ख) क्या इस्पात उद्योग में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को बढ़ावा देने के लिए किसी नए प्रोत्साहन या सब्सिडी पर चर्चा की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) बैठक के दौरान सरकार ने इस्पात क्षेत्र की कार्यबल प्रशिक्षण एवं कौशल विकास आवश्यकताओं को किस प्रकार संबोधित किया है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ): इंडिया स्टील 2025 भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम है जिसमें एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-सह-प्रदर्शनी के साथ-साथ सीईओ फोरम, पैनल चर्चा, क्षेत्रीय गोलमेज सम्मेलन और देश-विशिष्ट सत्र जैसे कई कार्यक्रम शामिल हैं। इसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उदयमों (एमएसएमई), सरकारी विभागों, राज्य सरकारों, देश के प्रतिनिधिमंडलों तथा भारत और दुनिया भर से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों सहित विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यापारिक आगंतुकों, प्रदर्शकों और प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। यह नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों, संभावित निवेशकों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उदयमों (एमएसएमई) तथा व्यावसायिक अवसरों की तलाश करने वाले खरीदारों, औद्योगिक विकास, निवेश के अवसरों, अनुसंधान और विकास के अवसरों, डिजिटलीकरण, व्यापार और रोजगार सृजन आदि का पता लगाने हेतु एक मंच प्रदान करता है।

****